**Subject - Hindi** **Class- X** **Topic Samas**

<u>समास</u>

Q.1: 'देशांतर' में कौन-सा समास है ?
(A) द्वंद्व (B) तत्पुरुष (C) बहुव्रीहि (D) द्विगु
Right Answer- (B) तत्पुरुष

Q.2: 'दशानन' में कौन-सा समास है ?
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय (C) बहुव्रीहि (D) द्विगु
Right Answer- (C) बहुव्रीहि

Q.3: 'चौराहा' शब्द में कौन-सा समास है ?
(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व (C) द्विगु (D) अव्ययीभाव
Right Answer- (C) द्विगु

Q.4: 'तिरंगा' में कौन-सा समास है ?
(A) द्वंद्व (B) द्विगु (C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरुष
Right Answer- (B) द्विगु

Q.5: 'देव जो महान है' यह किस समास का उदाहरण है ?
(A) कर्मधारय (B) बहुव्रीहि (C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव
Right Answer- (A) कर्मधारय

Q.6: 'घुड़दौड़' का समास-विग्रह बताइए ?
(A) घोड़े जैसी तेज़ दौड़ (B) घोड़े की दौड़
(C) दौड़ने वाला घोड़ा (D) घोड़ा और दौड़
Right Answer- (B) घोड़े की दौड़

Q.7: "राजपुत्र" में कौन-सा समास है ?
(A) तत्पुरुष (B) द्विगु (C) द्वंद्व (D) कर्मधारय
Right Answer- (A) तत्पुरुष

Q.8: जिस समास का पूर्वपद(पहलापद) प्रधान हो,
उसे कौन-सा समास कहते है ?
(A) संबंध तत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) अव्ययीभाव (D) द्वंद्व
Right Answer- (C) अव्ययीभाव

Q.9: 'योगदान' में कौन-सा समास है ?
(A) बहुव्रीहि (B) अव्ययीभाव (C) तत्पुरुष (D) कर्मधारय
Right Answer- (C) तत्पुरुष

Q.10: तत्पुरुष समास के कितने भेद होते है ?
(A) 4 (B) 10 (C) 8 (D) 6
Right Answer- (D) 6
Q.11: समास कितने भेद होते है ?
(A) तीन (B) नौ (C) छः (D) आठ
Right Answer- (C) छः
Q.12: अगोचर में कौन-सा समास है ?
(A) अव्ययीभाव (B) पंचमी तत्पुरुष
(C) नञ् (D) कर्मधारय
Right Answer- (C) नञ्
Q.13: मृगनयन में कौन-सा समास है ?
(A) तत्पुरुष (B) द्वंद्व (C) कर्मधारय (D) द्विगु
Right Answer- (C) कर्मधारय
Q.14: यथाक्रम में कौन-सा समास है ?
(A) कर्मधारय (B) अव्ययीभाव (C) तत्पुरुष (D) द्विगु
Right Answer- (B) अव्ययीभाव
Q.15: राधा-कृष्ण में कौन सा समास है ?
(A) द्वंद्व (B) द्विगु (C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव
Right Answer- (A) द्वंद्व
Q.16: वनवास में कौन-सा समास है ?
(A) द्वंद्व (B) कर्मधारय (C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरुष
Right Answer- (D) तत्पुरुष
Q.17: पंचवटी में कौन-सा समास है ?
(A) द्वंद्व (B) द्विगु (C) कर्मधारय (D) तत्पुरुष
Right Answer- (B) द्विगु

Q.18: अनायास में कौन-सा समास है ?

(A) द्वंद्व (B) द्विगु (C) कर्मधारय (D) नञ्
Right Answer- (D) नञ्

Q.19: चक्रपाणि में कौन सा समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष (C) बहुव्रीहि (D) कर्मधारय
Right Answer- (C) बहुव्रीहि

Q.20: जिस समास में उत्तरखंड प्रधान हो

वह समास क्या कहलाता है ?
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष (C) बहुव्रीहि (D) द्वंद्व
Right Answer- (B) तत्पुरुष